# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 26.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **देश भर के मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में शुरु, प्रधानमंत्री कल और परसों सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता, मुख्य सचिव अविनाश कुमार रखेंगे झारखंड का पक्ष।**
- **पेसा कानून लागू होने पर रांची समेत कई जिलों में निकाली गयी आभार यात्रा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–गांव मजबूत होंगे तो राज्य मजबूत बनेगा।**
- **पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर शिड्यूल एरिया को कम करने का लगाया आरोप, कहा– 2026 होगा जनांदोलन का साल।**
- **राज्य में कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त–व्यस्त, कल घने कोहरे से हो सकती है दिन की शुरुआत, पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा समेत कई जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी।**
- **राष्ट्रीय स्कूली वॉलीबॉल अंडर–14 प्रशिक्षण शिविर के लिए गिरिडीह के चार खिलाड़ियों का चयन, हिमाचल प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व।**

****************

मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानी शनिवार और रविवार को सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन का उददेश्य् राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर व्यवस्थित और निरंतर बातचीत के ज़रिए केंद्र–राज्य साझेदारी को मज़बूत करना है। इस बैठक में झारखंड भी प्रतिनिधित्व कर रहा है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार इस बैठक में राज्य का पक्ष रखेंगे।

****************

राज्य में पेसा कानून लागू करने पर आज रांची समेत कई जिलों में आभार यात्रा निकाली गयी। इस कड़ी में रांची के मोरहाबादी से केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में सैकड़ों आदिवासियों ने पैदल मार्च निकाला और ढोल–नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। लोगों ने पेसा कानून लागू करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि कानून तभी सार्थक होगा, जब समाज जागरूक होगा। गांव मजबूत होंगे, तभी झारखंड मजबूत बनेगा।

उधर, हजारीबाग में भी झामुमो कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने श्आभार यात्राश निकाली। उन्होंने कहा कि इस कानून से अब ग्राम सभाएं जल, जंगल और जमीन से जुड़े विकास कार्य स्वयं तय कर सकेंगी, जिससे ग्राम स्वराज मजबूत होगा।

****************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर शिड्यूल एरिया को कम करने का आरोप लगाया है। रांची के सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि 2026 सरकार के खिलाफ जनांदोलन का साल होगा।

****************

विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को राज्य में व्यापक समर्थन मिल रहा है। गुमला के पंचायत जनप्रतिनिधियों ने इसकी सराहना की है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार की इस पहल का किसानों और मजदूरों को सीधा लाभ मिलेगा।

उधर, देवघर में भी इस कानून की सराहना हो रही है। कुकराहा के पंचायत समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इसके जरिये ग्रामीण विकास का ढांचा मजबूत होगा और विकसित भारत को बल मिलेगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में जेएसएससी–सीजीएल 2023 के 1 हजार 927 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें 847 सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, 249 प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, 191 प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, 178 अंचल निरीक्षक, 170 श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, 288 कनीय सचिवालय सहायक और 4 प्लानिंग असिस्टेंट शामिल हैं।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। रांची की 14 वर्षीय फुटबॉलर अनुष्का कुमारी को भी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने के बाद अनुष्का ने कहा कि यह उनके हौसले की जीत है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के सभी 20 विजेताओं से बातचीत की। मौके पर मौजूद केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बच्चों से राष्ट्रप्रथम के सिद्धांत को अपने जीवन का मार्गदर्शक मंत्र बनाने का आग्रह किया।

****************

राज्य सरकार ने 2013 बैच के छह आइपीएस अधिकारियों की प्रोन्नति की अधिसूचना जारी की है। इसमें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात हरिलाल चौहान, अंशुमन कुमार, प्रशांत आनंद और प्रियंका मीणा को प्रोफार्मा प्रोन्नति मिली है। वहीं, राज्य में कार्यरत हरदीप पी जनार्दनन और निधि द्विवेदी को सलेक्शन ग्रेड में प्रमोट किया गया है।

****************

एनआइटी जमशेदपुर का 15वां दीक्षांत समारोह 29 दिसंबर को आयोजित होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी और 1 हजार 114 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के दौरान स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज और रबींद्र कुमार बेहरा को मानद उपाधियाँ दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि कृष्णाशिष मंडल और प्रियांशु राज उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए स्वर्ण पदक से नवाजा जायेगा।

****************

राज्य में कड़ाके की ठंड से जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। गुमला में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि रांची का पारा 7 डिग्री तक गिर गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में 2 डिग्री तक की और गिरावट आने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार कल कई जिलों में दिन की शुरुआत घने कोहरे से हो सकती है। पलामू प्रमंडल और चतरा के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।

****************

रांची के खेल गांव में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली वॉलीबॉल अंडर–14 प्रशिक्षण शिविर के लिए श्मोंगिया राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमीश, गिरिडीह के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी जनवरी 2026 में हिमाचल प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******समाप्त********